झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 20 / 22 – 79 ,राँची / दिनांकः 14/ 10 / 2022

अभियंत्रण संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2022–23 में अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नामांकन हेतु द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2022 के परीक्षाफल आधारित राज्य मेधा–सूची के आधार पर आयोजित प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के द्वारा संबंधित संस्थानों में नामांकन के उपरान्त रिक्त रह गये सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक 15.10.2022 से आयोजित की जा रही है।

2. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र / पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप सूचना विवरणिका / पर्षद के वेबसाईट के "Download" कॉलम में उपलब्ध है।

3. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click Here for All Online Counselling JCECEB-2022" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।

4. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम चक्र साक्षात्कार से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा / संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी द्वितीय साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि द्वितीय साक्षात्कार में उन्हें सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान / शाखा में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

5. अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान / संस्थानों तथा शाखा / शाखाओं का प्राथमिकता के अनुसार विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।

6. साक्षात्कार शुल्कः– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gate way के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

Sl. No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all Categories	Rs. 250.00

7. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित विधि के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन कराते हैं एवं अध्ययन जारी रखते हैं तो पर्षद द्वारा ली गयी आंशिक नामांकन शुल्क की राशि संबंधित संस्थान को उनके शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा यह राशि जब्त (Seize) कर ली जायेगी।

8. द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् है :–

Time-Schedule for 2nd Round Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Engineering Course

Sl. No.	Activity	Date
1.	Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment	15/10/2022
2.	Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	19/10/2022
3.	Edition in filled up Choices	20/10/2022
4.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	23/10/2022 to 30/10/2022
5.	Document Verification and Admission in the Concerned Institute	23/10/2022 to 30/10/2022

6. द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार में नामांकन के लिये अनुशंसा हेतु किसी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

पर्षद द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या– जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/20/22 – 41 दिनांक– 10.05.2022 (P.R. No.-269707) में निहित शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी। विज्ञापन पर्षद के वेबसाईट पर Important Notice कॉलम में उपलब्ध है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

14/10/22

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक